Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 03 / कैम्प / प्रयागराज दिनांक 14.04.2026

सेवा में,


अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।


विषयः— **दैनिक समाचार पत्र ई–अमर उजाला में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन का कार्य अधर में पानी को तरस रहे ग्रामीण" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र ई–अमर उजाला में दिनांक 14.04.2026 को प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन का कार्य अधर में पानी को तरस रहे ग्रामीण"** शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम बावंधर को में प्रयागराज सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना में बावंधर जोन–65 अन्तर्गत सम्मिलित कर पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 06 राजस्व ग्राम(बावंधर, भभई, हिनौता बलराज, हिनौता संग्राम, हिनौती दुनिया एवं कोरारी) सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय(75के0एल0 / 14मी0), वितरण प्रणाल–31000मी0, हाउस कनेक्शन 373 नग, बाउण्ड्रीवॉल एवं तत्सम्बन्धी प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 50 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 16550 मी0 एवं बाउण्डीवॉल का कार्य करा दिया गया हैं, अवशेष कार्य प्रगति पर है।

**उल्लेखनीय है कि जनपद प्रयागराज में** जल जीवन मिशन फेज–4 कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील बारा के 02 विकास खण्डों (जसरा एवं शंकरगढ) के 276 राजस्व ग्रामों में प्रयागराज सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा अनुबंधित फर्म **मेसर्स विष्णु प्रकाश आर पुगलिया लि०. जोधपुर** द्वारा कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 276 राजस्व ग्राम को 74 जोन में विभाजित किया गया है। जिसके अन्तर्गत एक नग Intake well (55 MLD)–70%, एक नग WTP (44 MLD)– 80%, तथा वितरण प्रणाली 2329.00 किमी० के सापेक्ष 2110.00 किमी०. तथा शिरोपरि जलाशय 74 नग के सापेक्ष 29 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है। योजना की औसत प्रगति लगभग 75 प्रतिशत है। उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 38 / 2025 / 2620 / छियत्तर–1–2025–1803110, 39 / 2025 / 2619 / छियत्तर–1–2025–1612341, 40 / 2025 / 1658 / छियत्तर–1–2025–1882022 एवं 41 / 2025 / 1659 / छियत्तर–1–2025–1882029 के क्रम में 90 से 100 प्रतिशत तथा 80 से 90 प्रतिशत पूर्ण योजनाओं के भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के क्रम में प्राथमिकता के आधार पर फर्म द्वारा योजना के अवशेष कार्यों को कराया जा रहा है। जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को योजनाओं के कार्यों को तीव्र गति से कराने हेतु कई बार लिखित व मौखिक निर्देशित किया जा चुका है। अवशेष कार्यों को दिसम्बर–2027 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।





अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

(एस0एस0 परमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3– मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ।
4– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
5– जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

अधिशासी अभियन्ता

# Prayagraj News: जल जीवन मिशन का कार्य अधर में, पानी को तरस रहे ग्रामीण

**संवाद न्यूज एजेंसी, प्रयागराज** Updated Tue, 14 Apr 2026 01:27 AM IST



बारा के बावंधर गांव में अधूरी पड़ी पानी की टंकी - फोटो : संवाद

ग्रामीण इलाकों में पेयजल समस्या की किल्लत को दूर करने के लिए शासन द्वारा 2023 में जल जीवन मिशन योजना शुरू किया गया था। जिम्मेदारों की अनदेखी से निर्धारित अवधि पूर्ण हो जाने के बावजूद घरों में पानी नहीं पहुंचा।

तहसील क्षेत्र के जसरा और शंकरगढ़ में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल नल योजना शुरू किया गया है। इसके लिए विभाग की ओर से 440 करोड़ रुपये से